नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में टॉप-10 में से उत्तर प्रदेश के 7 ज़िले

चर्चा में क्यों?

हाल ही में नीति आयोग द्वारा जुलाई-अगस्त 2021 के सर्वे के आधार पर जारी की गई डेल्टा रैंकिंग **में टॉप-10 में 7 ज़िले उत्तर प्रदेश के** हैं।

प्रमुख बिंदु

- उत्तर प्रदेश के 7 ज़िलों में **फतेहपुर ज़िले को दूसरा, सिद्धार्थ नगर को तीसरा, सोनभद्र को चौथा एवं चित्रकूट को पाँचवा स्थान** प्राप्त हुआ है। टॉप-10 में शामिल उत्तर प्रदेश के अन्य ज़िलों में **बहराइच, श्रावस्ती एवं चंदौली** शामिल हैं।
- **नीति आयोग द्वारा प्रारंभ की गई डेल्टा रैंकिंग** में देश के **आकांक्षी ज़िलों में स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास तथा बुनियादी अवसंरचना जैसे विकासात्मक क्षेत्रों में वृद्धिशील प्रगति** को दर्शाती है।
- उल्लेखनीय है कि **2018 में प्रारंभ** किये गए आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम का **उद्देश्य उन ज़िलों में तेजी से बदलाव लाना है, जिन्होंने प्रमुख सामाजिक क्षेत्रों में तुलनात्मक रूप से प्रगति की है।** इसमें **उत्तर प्रदेश के 8 ज़िलों को शामिल किया गया** है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/niti-aayog-delta-ranking